जलकर वसूली में लापरवाही पर 31 कर्मचारियों को कटा वेतन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 22 मई। वित्तीय वर्ष में जलकर की वसूली लक्ष्य से कम रहने पर नगर निगम अपर आयुक्त प्रदीप तोमर ने पीएचई विभाग में कार्यरत 31 ऑउटसोर्स श्रमिकों का वेतन काटने के निर्देश सम्बंधित एजेंसी राज सिक्योरिटी फोर्स को दिये।

नगर निगम अपर आयुक्त श्री प्रदीप तोमर द्वारा जारी किए गए नोटिस अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में जलकर वसूली का लक्ष्य पिछले वर्ष की अपेक्षा 15 प्रतिशत अधिक रखा था। जलकर वसूली को लेकर नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने विगत दिनों समीक्षा बैठक ली थी। बैठक में पाया कि कई कर्मचारियों ने अपने टारगेट के अनुरूप जलकर वसूली नहीं की है। इसके चलते नगर निगम आयुक्त ने निर्धारित किया था, जिसके अनुरूप वसूली नहीं की गई। जिसको लेकर निगमायुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुये 31 कर्मचारियों को वेतन काटने के निर्देश सम्बंधित एजेंसी को दिये।

अपर आयुक्त प्रदीप तोमर द्वारा जारी निर्देशानुसार गतवर्ष की तुलना में 5 लाख से अधिक जलकर वसूली कम करने पर ऑउटसोर्स कर्मचारी वार्ड 45 राजेन्द्र प्रसाद, वार्ड 57 मोहित कदम, शुभम कुशवाहा, वार्ड 27 गुलशन निगम, वार्ड 37 प्रतीक बिचारे, वार्ड 03 जितेन्द्र गुर्जर एवं वार्ड 47 में सुरेश पालिया का 07 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही गत वर्ष की तुलना में 5 लाख से कम वसूली करने वाले आउटसोर्स कर्मी वार्ड 39 हरिओम शर्मा, केंट क्षेत्र अंकित गोस्वामी, वार्ड 65 गिर्राज शर्मा, जितेन्द्र माहौर, संदीप सिंह, वार्ड 48 रोहित कुशवाह, वार्ड 43 नितेष कुमार, राघवेन्द्र, वार्ड 36 भानुप्रताप श्रोती, वार्ड 17 अनूप, वार्ड 53 श्री सन्जू शाक्य, राजकुमार कुषवाह, वार्ड 35 नीरज कौशल, वार्ड 50 लक्ष्मण मौर्य, कुलश्रेष्ठ यादव, सुमित जायसवाल, वार्ड 38 सौरभ सक्सैना, मनोज कुमार सेन, बंटी कौशल, वार्ड 22 धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, वार्ड 40 दिनेश सिंह एवं रविकांत उपाध्याय का 03 दिवस का वेतन काटा गया। साथ ही वार्ड 30 में कार्यरत श्री रितिक एवं श्री हिमांशु का 01 दिवस का वेतन काटा गया।

कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी

कार्य में लापरवाही बरतने पर कार्यरत प्रभारी राजस्व निरीक्षक क्षेत्र क्र. 16 देवेन्द्र बुधौलिया एवं कार्यरत सम्पत्तिकर कर संग्रहक वार्ड 35 मनीष शर्मा राजस्व निरीक्षक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। प्रकरण का अवलोकन करने पर पाया गया कि करसंग्रहक प्रतिवेदन अनुसार आगामी कार्यवाही प्रस्तावित की गई, किन्तु करसंग्रहक टीप में उल्लेखित मंदिर भूमि होने के संबंध में कोई भी दस्तावेज का परीक्षण नहीं किया गया और न ही प्रश्नांकित भूमि के खसरे की प्रति संलग्न कराई गई। जिस कारण कार्यरत प्रभारी राजस्व निरीक्षक क्षेत्र क्र. 16 देवेन्द्र बुधौलिया एवं कार्यरत सम्पत्तिकर कर संग्रहक वार्ड 35 मनीष शर्मा राजस्व निरीक्षक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

आतिशबाजी फैक्ट्रियों और दुकानों के लिए सख्त गाइडलाइन जारी

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 22 मई। ग्वालियर जिले में आतिशबाजी (पटाखा) के निर्माण, भंडारण और बिक्री को पूरी तरह सुरक्षित बनाने के लिए स्पष्ट गाइड लाइन जारी की गई है। राज्य शासन के गृह विभाग के दिशा-निर्देशों के तहत विस्फोटक अधिनियम और नियमों का कड़ाई से पालन कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट रुचिका चौहान ने जिले के सभी एसडीएम, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, सीएसपी, एसडीओपी और थाना प्रभारियों को लिखित में कड़े निर्देश जारी किए हैं।

कलेक्टर ने साफ किया है कि जिले में किसी भी स्थान पर अवैध भंडारण या सुरक्षा नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के लाइसेंसधारियों की सूची रखने और हर छह महीने में उनका नियमित भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर रुचिका चौहान ने सभी जांच अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की आतिशबाजी फैक्ट्रियों और दुकानों का तत्काल सघन निरीक्षण करें और प्रत्येक संस्थान की विस्तृत रिपोर्ट जिला कार्यालय को सौंपें।

कलेक्टर के निर्देश पर एक्शन शुरू: गिरवाई क्षेत्र में औचक निरीक्षण कलेक्टर रुचिका चौहान द्वारा जारी किए गए निर्देशों के पालन में शुक्रवार को प्रशासनिक टीम ने मैदानी कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में एसडीएम लश्कर नरेन्द्र बाबू यादव ने प्रशासनिक टीम के साथ शहर के गिरवाई क्षेत्र में संचालित पटाखा फैक्ट्रियों और गोदामों का औचक निरीक्षण किया।

पटाखा फैक्ट्रियों के लिए ये उपाय अनिवार्य : कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रचिका चौहान द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुसार पटाखा विनिर्माण फैक्ट्रियों में मुख्य रूप से ये उपाय करना अनिवार्य है-

सुरक्षा दूरी, कमरों की बनावट, ब्लास्ट वॉल , सीमित क्षमता।

विस्फोटक नियम 2008 के तहत आतिशबाजी दुकानों के लिए भी कड़े नियम तय किए गए हैं। आबादी वाले क्षेत्रों (रेसिडेंशियल एरिया) में पटाखों के भंडारण और बिक्री पर पूरी तरह रोक रहेगी। पटाखा दुकानें ईंट, पत्थर और कंक्रीट से बनी और सुरक्षित होनी चाहिए।

अज्ञात वाहन ने दो को रौंदा, भाई की मौत बहन गंभीर

घाटीगांव के सबरी माता मंदिर के पास हुआ हादसा, अंधेरे का फायदा उठाकर चालक फरार

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 22 मई। घाटीगांव थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार देर रात रफ्तार का कहर दो लोगों पर टूट पड़ा। अपनी बहन को बाइक पर बैठाकर घर लौट रहे एक युवक को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसकी बहन बाइक से दूर झटककर गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी चालक अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है।

रक्षाबंधन से पहले उजड़ गई मांग, भाई की आंखों के सामने गई जान : पुलिस के अनुसार, आरोन थाना क्षेत्र के किशनपुरा गांव का रहने वाला 24 वर्षीय गिर्राज बंजारा पुत्र गंभीरा बंजारा गुरुवार रात अपनी बहन अंजली उर्फ सुमन को लेने घाटीगांव आया था। रात के समय वह अपनी बहन को बाइक पर पीछे बैठाकर वापस अपने गांव किशनपुरा लौट रहा था। दोनों भाई-बहन जैसे ही घाटीगांव थाना क्षेत्र में स्थित सबरी माता मंदिर के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

सड़क पर लहूलुहान हालत में भाई-बहन को पड़ा देख वहां से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत इसकी सूचना घाटीगांव थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायल अंजली को तुरंत नजदीकी अस्पताल भिजवाया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं, मृतक गिर्राज के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

घाटीगांव थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और गैर-इरादतन हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। घाटीगांव थाना प्रभारी पूरन शर्मा ने बताया कि दुर्घटना को अंजाम देकर भागने वाले अज्ञात वाहन की शिनाख्त के लिए पुलिस की एक टीम लगाई गई है। हाईवे और घटना स्थल के आसपास स्थित ढाबों और टोल नाकों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

दोस्त ने होटल ले जाकर किया दुष्कर्म, आरोपी दबोचा

ग्वालियर। शहर के बहोड़ापुर थाना क्षेत्र में दोस्ती को कलंकित करने और एक महिला को डरा-धमकाकर अस्मत लूटने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक युवक ने पहले महिला को बहला-फुसलाकर होटल में बंधक बनाया और दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। गनीमत रही कि ऐनवक्त पर महिला का पति वहां पहुंच गया जिसके बाद आरोपी भाग निकला। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस गिरफ्त में आए आरोपी की पहचान लक्ष्मीगंज (जनकगंज) निवासी विशाल चौरसिया के रूप में हुई है। इस खौफनाक वारदात का खुलासा तब हुआ जब सुबह आरोपी विशाल चौरसिया जबरन पीड़िता के घर में घुस गया। वह महिला पर अपने पति को छोड़कर साथ चलने का दबाव बनाने लगा और मना करने पर हाथ पकड़कर खींचने लगा। इसी दौरान महिला का पति अचानक घर पहुंच गया।

स्कूटी सवार तीन शातिर बदमाश दबोचे

ग्वालियर, 22 मई। अवैध हथियारों की तस्करी और सरेराह हथियार लहराकर दहशत फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत ग्वालियर पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। क्राइम ब्रांच और थाना पुरानी छावनी पुलिस की संयुक्त टीम ने एक बेहद सटीक और त्वरित कार्रवाई करते हुए स्कूटी सवार तीन शातिर बदमाशों को रंगे हाथों दबोच लिया है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक 315 बोर का देशी कट्टा, चार जिंदा राउंड और वारदात में प्रयुक्त स्कूटी जब्त की है।

पुलिस को मुखबिर से विश्वसनीय सूचना मिली कि एक स्कूटी पर सवार तीन युवक अवैध हथियारों की बड़ी खेप या किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के इरादे से पुरानी छावनी क्षेत्र की तरफ आ रहे हैं। क्राइम ब्रांच और पुरानी छावनी पुलिस ने मिलकर जाल बिछाया और थाना प्रभारी पुरानी छावनी निरीक्षक डॉ. संतोष सिंह यादव तथा थाना प्रभारी क्राइम ब्रांच निरीक्षक अमित शर्मा के नेतृत्व में टीम ने रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे प्लॉटिंग रोड पर मोर्चा संभाला और सघन वाहन चेकिंग शुरू कर दी।

चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को मुखबिर के बताए हुलिए के अनुसार एक स्कूटी पर तीन संदिग्ध लड़के आते दिखाई दिए। पुलिस ने तत्परता से घेराबंदी कर उन्हें रोका। जब उनकी जामा तलाशी ली गई तो मुख्य आरोपी राहुल माहौर की कमर से 315 बोर का लोडेड देशी कट्टा बरामद हुआ, जिसे चेक करने पर उसमें एक जिंदा राउंड पहले से ही लगा हुआ था।

वहीं उसके बाकी दोनों साथियों की जेबों से भी जिंदा कारतूस मिले। पुलिस तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने ले आई है, जहां उनसे हथियारों के स्रोत के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है।

दिल्ली और मुंबई उड़ानों से 439 यात्रियों ने किया सफर

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 22 मई। राजमाता विजयाराजे सिंधिया हवाई अड्डे पर 22 मई को अनुसूचित उड़ानों के माध्यम से कुल 439 यात्रियों का आवागमन हुआ। इस दौरान दिल्ली और मुंबई सेक्टर के लिए कुल 4 उड़ानों (आगमन और प्रस्थान मिलाकर) का संचालन किया गया।

मुंबई उड़ान रही हाउसफुल, दिल्ली में यात्री संख्या रही कम : हवाई अड्डे से प्राप्त यात्री आंकड़ों के अनुसार, मुंबई सेक्टर की उड़ान में यात्रियों की भारी भीड़ देखी गई, जबकि दिल्ली सेक्टर की उड़ान को लेकर यात्रियों का रुझान काफी ठंडा रहा। मुंबई इंडिगो एयरलाइंस की 186 सीटों की क्षमता वाली मुंबई उड़ान लगभग पूरी तरह पैक रही। इसमें आने वाले यात्रियों की संख्या 182 रही, जबकि मुंबई जाने वाले यात्रियों की संख्या 175 दर्ज की गई। दिल्ली (अकासा एयर)इसके विपरीत, अकासा एयर की 194 सीटों की क्षमता वाली दिल्ली उड़ान में यात्रियों का टोटा देखने को मिला। दिल्ली से केवल 37 यात्री आए और यहाँ से महज 45 यात्री दिल्ली के लिए रवाना हुए।

उड़ानों की स्थिति पर एक नज़र

शुक्रवार को दोनों शहरों के लिए 1-1 विमान आया और 1-1 विमान ने यहाँ से उड़ान भरी। कुल मिलाकर 219 यात्री ग्वालियर हवाई अड्डे पर उतरे (आगमन) और 220 यात्री यहाँ से अपने गंतव्य के लिए रवाना (प्रस्थान) हुए। इस प्रकार पूरे दिन में कुल 439 यात्रियों ने हवाई यात्रा का लाभ उठाया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए तैयारियां शुरू

ग्वालियर, 22 मई। ग्वालियर जिले में राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के तहत 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां लगातार जारी हैं। इसके तहत आयुष विभाग द्वारा जिलेभर में 100 डेज फ्री लाइव योगा सेशंस एवं 50 दिवसीय काउंटडाउन कार्यक्रम के अंतर्गत कॉमन योगा प्रोटोकॉल आधारित योग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। प्रभारी जिला आयुष अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में नियमित रूप से योग शिविर लगाए जा रहे हैं। साथ ही सभी आयुष औषधालयों में लोगों को योग अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित किया जा रहा है। योग कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये टोल फ्री नंबर 18003157008 पर पंजीयन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। आयुष विभाग द्वारा मध्यप्रदेश श्रम कल्याण मंडल इंटक परिसर हजीरा स्थित सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय ग्वालियर तथा क्षेत्रीय कार्यालय मध्यप्रदेश श्रम कल्याण मंडल, सिकरवार कॉम्प्लेक्स, सरला फार्म, गोला का मंदिर सहित विभिन्न स्थानों एवं कार्यालयों में योग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अब तक जिले में आयोजित योग शिविरों के माध्यम से 4 हजार 296 लोगों को योग प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है।

INDIAN RAILWAYS
सत्यमेव जयते
भारत सरकार

युवाओं की निरंतर प्रगति
विकसित भारत की गतिशक्ति

सरकारी सेवाओं के माध्यम से युवाओं को
राष्ट्र निर्माण से जोड़ने की पहल

रोजगार मेला

देशभर के 47 स्थानों पर सरकारी नौकरियों हेतु
51,000+ चयनित अभ्यर्थियों को
नियुक्ति पत्रों का वितरण

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
के द्वारा
(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

शनिवार, 23 मई, 2026 प्रातः 11:00 बजे

- भारत सरकार और सहयोगी राज्य सरकारों द्वारा रोजगार के लाखों नियुक्ति पत्रों का वितरण
- समान अवसरों के लिए 13 क्षेत्रीय भाषाओं में भर्ती परीक्षाओं की सुविधा
- महिलाओं, दिव्यांगजनों और आकांक्षी जिलों के अभ्यर्थियों को विशेष लाभ
- i-GOT कर्मयोगी पोर्टल पर 4800 से अधिक उच्च गुणवत्ता पाठ्यक्रमों से 1.65 करोड़ से अधिक कर्मचारी पा रहे प्रशिक्षण
- यूपीएससी, एसएससी, रेलवे भर्ती बोर्ड और आईबीपीएस जैसी प्रतिष्ठित एजेंसियों के माध्यम से नियुक्तियाँ
- पारदर्शी एवं मेरिट आधारित भर्ती प्रक्रिया से युवाओं के सपनों को नई उड़ान

DD NEWS डीडी न्यूज पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें

प्रशिक्षण सम्बन्धी अधिक जानकारी के लिए कर्मयोगी मॉड्यूल वेबसाइट https://igotkarmayogi.gov.in पर जाएं या क्यू आर कोड को स्कैन करें

हमें फॉलो करें